>

Title: Need to provide stoppage of various t trains at Haidergarh Railway Station in Uttar Pradesh - Laid

श्री उपेन्द्र सिंह रावत (बाराबंकी): मैं कई वर्षों से हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग के संबंध में सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । लखनऊ से 60 किलोमीटर दूर हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव न होने के कारण यात्रियों को जम्मू, हरिद्वार, वाराणसी व अन्य जगहों पर जाने के लिए मजबूरी में लखनऊ से ट्रेन पकड़नी पड़ती है । जबकि हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन बहुत पुराना स्टेशन है । सुपरफास्ट गाड़ियों की मांग के लिए बाराबंकी क्षेत्र की जनता और हैदराबाद क्षेत्र के निवासियों एवं कई संगठनों द्वारा हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग की गई है । विशेषकर सद्भावना एक्सप्रेस, हिमगिरी एक्सप्रेस, बेगमपुरा एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, अकालतख्त एक्सप्रेस, उपासना एक्सप्रेस, सुलतानपुर एक्सप्रेस, यह सभी ट्रेनें हैदरगढ़ स्टेशन से होकर गुजरती है ।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर जनता की भारी मांग पर लगभग उक्त सभी ट्रेनों का ठहराव किया जाये, जिससे जनता और यात्रियों को 60 किलोमीटर का रास्ता तय न करना पड़े ।